**E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com**
**Mob.- 9453590179**

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया–274001

पत्रांक 1515 / कार्य–08 /262 दिनांक – 13.08.2026

सेवा में,
मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः–समाचार पत्र ''दैनिक भाष्कर'' में प्रकाशित शीर्षक ''बढ़पुरवा में पांच साल से पानी की टंकी अधूरी सोल पैनलः हर घर जल योजना की जमीनी हकीकत पर उठे सवाल के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र ''दैनिक भाष्कर'' में 'बढ़पुरवा में पांच साल से पानी की टंकी अधूरी सोल पैनलः हर घर जल योजना की जमीनी हकीकत पर उठे सवाल शीर्षक से प्रकाशित खबर के अन्तर्गत पेयजल योजना हेतु पेयजल आपूर्ति संचालित कराने सम्बन्धित खबर प्रकाशित हुई है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड–सलेमपुर, बढ़पुरवा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल व सोलर सिस्टम का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय 125कि0ली0/12ली0 90 प्रतिशत, पाइप लाइन 4.29 कि0मी0 के सापेक्ष 3.2 कि0मी0 एवं 266 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 90 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। योजनान्तर्गत समस्त कार्य मार्च, 2027 तक पूर्ण कराते हुए पेयजल योजना से जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) देवरिया को इस निर्देश के साथ कि आपके योजना पर दी गयी समयावधि में पेयजल आपूर्ति संचालित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता